पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को ससमय परीक्षा कराने एवं परिणाम घोषित करने हेतु निर्देश दिये</u>

<u>लोकसभा चुनाव से पूर्व परीक्षायें सम्पन्न हों - श्री नाईक</u>

लखनऊ 6 फरवरी, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय श्री राम नाईक ने सभी कुलपतियों को परीक्षायें ससमय एवं नकलविहीन सम्पादित कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित कर निर्देश दिये हैं । राज्यपाल ने कुलपतियों को प्रेषित अपने पत्र में कहा है कि विश्वविद्यालय सभी विषयों एवं पाठ्यक्रमों की परीक्षायें माह फरवरी के अन्तिम सप्ताह से 31 मार्च, 2019 तक सम्पन्न करायें तथा उत्तर पुस्तिकाओं का समयबद्ध मूल्यांकन कराकर 15 जून, 2019 से पूर्व परिणाम घोषित करें। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व सभी विश्वविद्यालयों की परीक्षायें सम्पन्न हो जायें।

श्री नाईक ने अपने पत्र में कहा है कि विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण करने, परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण का कार्य तत्परतापूर्वक किया जाये। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र विनियमित करने तथा परीक्षाओं को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिये अपने-अपने स्तर से तैयारी पूरी करें।

अंजुम/ललित/राजभवन (47/10)